फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Mo. No.- 9473942677
Email Id- jalnigam3@gmail.com

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 4201 / एम–6 / 68 दिनांक 02/05/2026

विषयः— हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 01.05.2026 को "चौपाल में हर घर नल योजना से पानी न मिलने की शिकायत" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 01.05.2026 को "चौपाल में हर घर नल योजना से पानी न मिलने की शिकायत" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड छानबे में मे0 रैमकी बाबा (जे0वी0) द्वारा निर्मित दांती ग्राम समूह पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है। समाचार में वर्णित ग्राम जिंगना के कोठरा मिश्रान में कुल 166 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 105 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है अवशेष 61 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति किये जाने हेतु पाइप लाइन इण्टर कनेक्शन का कार्य सार्वजनिक रास्ता उपलब्ध न होने के कारण कार्य लम्बित है। उक्त के समाधान हेतु जिला प्रशासन एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित किया जा रहा हैं। तथा ग्राम करनी भांवा में कुल 163 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 85 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है शेष 78 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति किये जाने हेतु पाइप लाइन इण्टर कनेक्शन कार्य में कतिपय लोगों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा था, जिसका निराकरण करा लिया गया है एवं पाइप लाइन इण्टर कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है जिसे दिनांक 06.05.2026 तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता